दिनांक :12.05.2025 समय : 02.10PM

# प्रादेशिक समाचार

## सिंहस्थ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में आयोजित समीक्षा बैठक में सिंहस्थ 2028 को लेकर विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और उन्हें गति प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से विकास कार्यों को स्वीकृतियां प्रदान की गई है। यह आयोजन प्रदेश के धार्मिक पर्यटन, आर्थिक समृद्धि और अधोसंरचना विकास को नई दिशा देगा।

## बुद्ध पूर्णिमा

आज बुद्ध पूर्णिमा है। गौतम बुद्ध का जन्म और परिनिर्वाण आज ही के दिन हुआ था। उन्हें बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे निर्वाण की प्राप्ति हुई थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सत्य, समानता और सद्भाव के सिद्धांतों पर आधारित भगवान बुद्ध के संदेश मानवता के लिए मार्गदर्शक रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुये कहा कि भगवान बुद्ध के संदेश अनंतकाल तक हमें प्रेरणा देते रहेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस है। यह दिवस आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद हर वर्ष इस महत्वपूर्ण दिवस को मनाता है। इस वर्ष का विषय है– "हमारी नर्सें, हमारा भविष्य–– नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण।"

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि नर्सों का कर्तव्य निर्वहन सीधे तौर पर देश की स्वास्थ्य प्रणाली की मज़बूती और राष्ट्रीय विकास से जुड़ा है। मुख्यमंत्री डॉ  मोहन यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने शुभकामना संदेश में कहा कि समर्पण से प्रेरित यह कार्य साक्षात ईश्वर की सेवा है।

## मौसम

प्रदेश में मौसम में पिछले कुछ दिनों से उतार–चढ़ाव जारी है। प्रदेश में गर्मी के बीच कई जिलों में आंधी–बारिश और ओले गिरने की गतिविधियां देखने को मिल रही है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ और टर्फ के असर से प्रदेश के मौसम में बदलाव हो रहा है। आज भी प्रदेश के 45 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी–बारिश का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत कई जिलों में बारिश भी हो सकती है, जबकि जबलपुर, उज्जैन संभाग में आंधी चलने की संभावना है। आंधी की रफ्तार 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है।

## विराट–संन्यास

विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। विराट कोहली ने अपने 14 वर्ष के टेस्ट क्रिकेट जीवन से संन्यास लेने की खबर सोशल मीडिया पर साझा की।

## केदारनाथ – खच्चर सेवा

उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर गौरीकुंड से घोड़े और खच्चर की सेवाएं फिर शुरू हो गई हैं। यह सेवा इक्वाइन इन्फ्लूएंजा के डर से अस्थायी रूप से रोक दी गई थीं।

## कुछ समाचार संक्षेप में

- गुना जिले में समर्थन मूल्य पर 5 लाख 71 हजार 940 क्विंटल गेहूँ का उपार्जन हुआ है।
- मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नर्मदापुरम जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण को लेकर जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।
- रायसेन में सिविल डिफेंस को लेकर आयोजित बैठक में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों को आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।
- देश की बाह्य एवं आंतरिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विदिशा जिले में आपदा मित्रों को आपातकालीन परिस्थितियों में आमजनो की सहायता करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया।

----------------------